**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 5604**

**Series : SS-April/2022**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

## भाग – I

(आत्मनिष्ठ प्रश्न)

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80* (भाग–I : 40, भाग–II : 40)

प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है : भाग–I (आत्मनिष्ठ) एवं भाग–II (वस्तुनिष्ठ)। परीक्षार्थी को दोनों भागों के प्रश्नों के उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न-पत्र का भाग–I परीक्षा आरम्भ होने पर पहले उत्तर-पुस्तिका के साथ दिया जाएगा तथा भाग–II के लिए आखिरी का एक घंटे का समय दिया जाएगा अर्थात् परीक्षा समाप्त होने से एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को भाग–II का प्रश्न-पत्र दिया जाएगा।

भाग–I के प्रश्न-पत्र में कुल **8** प्रश्न एवं भाग–II के प्रश्न-पत्र में कुल **40** प्रश्न हैं।

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–I** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **8** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट : (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्डः 'क'**

1. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5

तोड़ो तोड़ो तोड़ो

ये पत्थर ये चट्टानें

ये झूठे बंधन टूटें

तो धरती को हम जानें

सुनते हैं मिट्टी में रस है जिसमें उगती दूब है

**अथवा**

पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नमन नेह जल बाढ़े।।

कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहितं अधिक कहौं मैं काहा।।

मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर काह न काऊ।।

मो पर कृपा सनेहु विषेखी। खेलत खुनिसन कबहु देखी।।

2. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) कवि ने आशा को 'बावली' क्यों कहा है ? 2

(ख) सत्य का दिखना और ओझल होना से कवि का क्या तात्पर्य है ? 2



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – ख**

**3.** निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 5

कुछ दिनों बाद मैंनें सुना कि शेर अहिंसा और सह-अस्तित्ववाद का बड़ा जबरदस्त समर्थक है इसलिए जंगली जानवरों का शिकार नहीं करता। मैं सोचने लगा, शायद शेर के पेट में वे सारी चीजें हैं जिनके लिए लोग वहाँ जाते हैं और मैं भी एक दिन शेर के पास गया। शेर आँखें बन्द किए पड़ा था और उसका स्टॉफ ऑफिस का काम निपटा रहा था।

**अथवा**

ज्यों-ज्यों मैं सयाना होता गया त्यों-त्यों हिन्दी के नूतन साहित्य की ओर मेरा झुकाव बढ़ता गया। क्वीन्स कॉलेज में पढ़ते समय स्वर्गीय बा० रामकृष्ण वर्मा मेरे पिता जी के सहपाठियों में थे। भारत जीवन प्रेस की पुस्तकें प्रायः मेरे यहाँ आया करती थी। पर अब पिताजी उन पुस्तकों को छिपाकर रखने लगे।

**4.** रामचन्द्र शुक्ल ***अथवा*** फणीश्वरनाथ 'रेणु' के जीवन रचनाओं तथा साहित्यिक विशेषताओं को लिखिए। 4

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए -

घड़ीसाजी का इम्तहान पास करने से लेखक का क्या तात्पर्य है ? 2

**अथवा**

हरगोबिन कटिहार कितने बजे पहुँचा और कैसे ?



Downloaded from cclchapter.com

## खण्ड 'ग'

**6.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - $2 \times 5 = 10$

(i) संचार क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) कविता के घटक कौन-कौन से होते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड 'घ'

**7.** ***'अन्तराल'*** में पठित पाठों के आधार पर उत्तर दीजिए -

(क) जगधर के मन में किस प्रकार का ईर्ष्या भाव जागा और क्यों ? 2

(ख) महीप अपने विषय में बात पूछने पर उसे क्यों टाल देता था ? 2

(ग) बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया ? 2

**8.** पहाड़ों की चढ़ाई में भूप दादा का कोई जवाब नहीं था उनके चरित्र की विशेषताएँ बताइए। $1 \times 4 = 4$

**अथवा**

गरमी और लू से बचने के उपायों का विवरण दीजिए। क्या आप भी इन उपायों से परिचित हैं ?



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 5604**

**Series : SS-April/2022**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

## भाग – II

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **40** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। **सही** उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

**1.** आह ! वेदना मिली – 1

(क) मिठाई (ख) खटाई

(ग) विदाई (घ) सुराही

**2.** अरुण यह .......... देश हमारा। 1

(क) रंगमय (ख) बदरंग

(ग) गेरुआ (घ) मधुमय



Downloaded from cclchapter.com

**3.** एक कप चाय कितने पैसे की कही है ? 1

(क) 30 पैसे की (ख) 50 पैसे की

(ग) 25 पैसे की (घ) 70 पैसे की

**4.** जब हम सत्य को पुकारते हैं तो वह क्या करता है ? 1

(क) नजदीक आता है (ख) परे हटता जाता है

(ग) आँख मिलाता है (घ) मुँह फेर लेता है

**5.** यह मैं हूँ आपका सेवक ......... । 1

(क) यशोदानन्दन (ख) कुंतीनन्दन

(ग) जानकीनन्दन (घ) कौशल्यानन्दन

**6.** वे नन्दन बन क्या होवेंगें ? 1

(क) बदनाम (ख) प्रसिद्ध

(ग) यशस्वी (घ) अमीर

**7.** बड़े-बड़े पियराए पत्ते कहाँ से गिरे ? 1

(क) आसमान से (ख) छत से

(ग) ऊँचे तरुवर से (घ) खम्भे से

**8.** मिट्टी में क्या है जो उसमें दूब उगती है ? 1

(क) जल (ख) हवा

(ग) नमी (घ) रस

**9.** नीरज नयन नेह जल ......... । 1

(क) रीते (ख) बाढ़े

(ग) बीते (घ) जीते

**10.** कवि ने आशा को क्या कहा है ? 1

**11.** सरस तामरस गर्भ विभा पर क्या नाच रही है ? 1

**12.** कवि किसी तरह किस जैसा संकल्प पाने को कहता है ? 1

**13.** ये चरती परती तोड़कर क्या बनाकर छोड़ने की कही है ? 1

**14.** 'सनमुख कहो न बैन' में किस बस नहीं कहा जाता ? 1



Downloaded from cclchapter.com

**15.** 'अगहन' मास में विरहिणी की व्यथा कैसी हो जाती है ? 1

**16.** पिव से भँवरा और काग को क्या कहने को कहा है ? 1

**17.** किस मास में 'हिए नहि सहए असह दुखरे' कहा है ? 1

**18.** हरि क्या हर ले गए ? 1

**19.** लेखक के घर में किस प्रेस की पुस्तकें प्रायः आया करती थी ? 1

(क) जागृति की (ख) भारत जीवन की

(ग) नवभारत की (घ) भास्कर की

**20.** लेखक के पिताजी किस हिन्दी कविता के प्रेमी थे ? 1

(क) नई के (ख) मध्य काल के

(ग) पुरानी के (घ) आज के

**21.** लेखक ने धर्म का रहस्य जानने के लिए किसका दृष्टांत दिया है ? 1

(क) टेप रिकार्डर का (ख) टेलीफोन का

(ग) घड़ी के पुर्जे का (घ) कम्प्यूटर का

**22.** 'दुर्लभ बंधु' में पुरश्री के सामने कितनी पेटियाँ हैं ? 1

(क) एक (ख) तीन

(ग) चार (घ) दो

**23.** गाँव वाले संवदिया के मारफत क्या भेजते थे ? 1

(क) पार्सल (ख) डब्बा

(ग) संवाद (घ) झगड़ा

**24.** संवदिया डटकर खाता है और .......... कर सोता है ? 1

(क) तान कर (ख) खर्राटे भरकर

(ग) अफर कर (घ) छत पर

**25.** लेखक के पिता किस भाषा के अच्छे ज्ञाता थे ? 1

(क) हिन्दी के (ख) अँग्रेजी के

(ग) फारसी के (घ) संस्कृत के

**26.** बालक ने धर्म के कितने लक्षण सुनाए थे ? 1

(क) दो (ख) दस

(ग) नौ (घ) सात



Downloaded from cclchapter.com

**27.** पोर्शिया अपने वर को कैसी रीति से चुनती है ? 1

(क) बड़ी बेकार से (ख) बड़ी सुंदर से

(ग) बड़ी अजीब से (घ) बड़ी कानूनी से

**28.** 'प्रेमधन की छाया स्मृति' पाठ के आधार पर लेखक के पिताजी की किसी विशेषता का उल्लेख कीजिए। 1

**29.** हरगोबिन ने बड़ी बहुरिया के पैर पकड़ कर क्या कहा ? 1

**30.** संवाद कहते वक्त बड़ी बहुरिया की आँखें क्यों छलछला आई ? 1

**31.** लोमड़ी शेर के मुँह में क्यों चली जा रही थी ? 1

**32.** हाथी पूरे जंगल में घूमकर क्या डुग्गी पीट आया ? 1

**33.** 'अमझर' से आप क्या समझते हैं ? 1

**34.** आधुनिक भारत के 'नए शरणार्थी' किन्हें कहा गया है ? 1

**35.** कहानी में लेखक ने शेर को किस बात का प्रतीक बताया है ? 1

**36.** बालक ने इनाम में क्या माँगा था ? 1

**37.** संचार प्रक्रिया में प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया को कहते हैं ? 1

(क) चैनल (ख) संचारक

(ग) फीडबैक (घ) रिसीवर

**38.** किस सन् में दुनिया ने केबल टी० वी० के जरिए युद्ध का सीधा प्रसारण देखा था ? 1

(क) 1990 (ख) 1991

(ग) 1989 (घ) 1988

**39.** 'मुद्रित' जनसंचार माध्यम इनमें से कौन-सा है ? 1

(क) टेलीविजन (ख) रेडियो

(ग) समाचार-पत्र (घ) इंटरनेट

**40.** पत्रकारीय लेखन का सबसे जाना पहचाना रूप है : 1

(क) समाचार-पढ़ना (ख) समाचार-लेखन

(ग) समाचार-सुनना (घ) समाचार-देखना



Downloaded from cclchapter.com